अध्याय I

केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों के वित्तीय निष्पादन का सारांश

1.1 प्रस्तावना

यह प्रतिवेदन सरकारी कम्पनियों, सांविधिक निगमों और सरकार नियंत्रित अन्य कम्पनियों के वित्तीय निष्पादन का सारांश प्रस्तुत करता है। इस प्रतिवेदन में शब्द केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (सीपीएसई) में उन सरकारी कम्पनियों को शामिल किया गया है जिनमे केंद्र सरकार की प्रत्यक्ष धारिता 50 प्रतिशत या अधिक है तथा ऐसी सरकारी कम्पनियों की सहायक कम्पनियां शामिल है। संसद द्वारा अधिनियमित संविधियों के अंतर्गत स्थापित संविधिक निगमों और केन्द्र सरकार द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से स्वामित्व वाली या नियंत्रित अन्य कंपनियों को भी सीपीएसई के रूप में श्रेणीबद्ध किया गया है।

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 2(45) में एक सरकारी कम्पनी की परिभाषा ऐसी कम्पनी के रूप में दी गयी है जिसमें प्रदत्त शेयर पूंजी का कम से कम 51 प्रतिशत केन्द्र सरकार, अथवा किसी राज्य सरकार या सरकारों या आंशिक रूप से केन्द्र सरकार द्वारा तथा आंशिक रूप से एक या अधिक राज्य सरकारों द्वारा धारित है और इसमें वह कम्पनी भी शामिल है जो सरकारी कम्पनी की सहायक कम्पनी है।

सरकारी कंपनी

एक कम्पनी जिसमें प्रदत्त शेयर पूंजी का कम से कम 51 प्रतिशत केन्द्र सरकार, अथवा किसी एक या अधिक राज्य सरकारों या आंशिक रूप से केन्द्र सरकार द्वारा तथा आंशिक रूप से केन्द्र सरकार और राज्य सरकार (रों) द्वारा धारित है तथा इसमें सरकारी कम्पनी की सहायक कम्पनी सम्मिलित होती है।

इसके अतिरिक्त, केंद्रीय सरकार या किसी राज्य सरकार या सरकारी या केंद्रीय सरकार द्वारा आंशिक रूप से और एक या अधिक राज्य सरकारों द्वारा आंशिक रूप से प्रत्यक्ष या

अप्रत्यक्ष रूप से स्वामित्व या नियंत्रण वाली किसी अन्य कंपनी[1] को इस प्रतिवेदन में सरकार नियंत्रित अन्य कम्पनियों के रूप में दर्शाया गया है।

सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) ने पीई द्वारा प्रकाशित सर्वेक्षण 2019-20 में बताया (अगस्त 2021) कि सांविधिक निगमों के अलावा सीपीएसई वह सरकारी कम्पनियां है; जिनमें 50 प्रतिशत से अधिक शेयर केन्द्र सरकार द्वारा धारित था। इन कम्पनियों की सहायक कम्पनियों, यदि भारत में पंजीकृत है, को भी सीपीएसई के तौर पर श्रेणीबद्ध किया जाता है। इसमें विभागीय तौर पर चालित सार्वजनिक उद्यम, बैंकिंग संस्थान एवं बीमा कम्पनियाँ शामिल नहीं है। भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएजी) एवं डीपीई द्वारा अपनाई गई परिभाषा में अंतर को देखते हुए, सीएजी एवं डीपीई द्वारा सीपीएसई मानी गई कम्पनियों की संख्या में अंतर हो सकता है।

1.1.1 अधिदेश

सरकारी कम्पनियों और सरकार नियंत्रित अन्य कम्पनियों की लेखापरीक्षा सीएजी के (कर्त्तव्य, शक्तियां तथा सेवा की शर्तें) अधिनियम, 1971 की धारा 19 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(5) से 143(7) के प्रावधानों तथा उनके अंतर्गत बनाए गए विनियमों के अन्तर्गत सीएजी द्वारा की जाती है। कम्पनी अधिनियम, 2013 के अन्तर्गत, सीएजी सरकारी कम्पनियों और सरकार नियंत्रित अन्य कम्पनियों के लिए सांविधिक लेखापरीक्षकों के रूप में सनदी लेखाकारों की नियुक्ति करता है और उस तरीके पर निर्देश देता है जिससे लेखाओं की लेखापरीक्षा की जानी है। इसके अतिरिक्त, सीएजी को अनुपूरक लेखापरीक्षा करने का अधिकार है। कुछ सांविधिक निगमों को शासित करने वाली संविधियों में उनके लेखाओं का सीएजी द्वारा लेखापरीक्षा की अपेक्षा की गई है।

भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय निर्यात-आयात बैंक, राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक तथा राष्ट्रीय आवास बैंक को शासित करने वाले अधिनियमों में वे प्रावधान निहित हैं जिनके द्वारा केन्द्र सरकार इन संस्थानों के लेखाओं की जांच करने और उन पर रिपोर्ट

[1] *गजट अधिसूचना दिनांक 4 सितम्बर 2014 के माध्यम से कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी किए गए कंपनियों का (कठिनाइयों का निवारण) सातवां आदेश 2014*

करने के लिए भी सीएजी को लेखापरीक्षक के रूप में नियुक्त कर सकती है। 2019-20 के दौरान ऐसी कोई नियुक्ति नहीं की गई थी।

1.1.2 इस प्रतिवेदन में क्या है

इस प्रतिवेदन में केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के वित्तीय निष्पादन की समग्र स्थिति को दर्शाया गया है जैसा कि उनके खातों से पता चला है।

लेखाओं के संशोधन तथा वर्ष 2019-20 (अथवा पिछले वर्षों के, जिन्हें चालू वर्ष के दौरान अन्तिम रूप दिया गया है) के लिए सीएजी द्वारा की गई सीपीएसई के वित्तीय विवरणों की अनुपूरक लेखापरीक्षा के परिणामस्वरूप की गई महत्वपूर्ण टिप्पणियों, का प्रभाव प्रतिवेदन में दिया गया है। इस प्रतिवेदन में सांविधिक निगमों के वित्तीय विवरणों पर सीएजी द्वारा जारी टिप्पणियों का प्रभाव भी निहित हैं जहां सीएजी ही एकमात्र लेखापरीक्षक है।

यह प्रतिवेदन कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के सीपीएसई द्वारा पालन तथा कार्पोरेट सामाजिक दायित्व पर डीपीई द्वारा जारी दिशानिर्देशों, सीपीएसई में विनिवेश तथा गैर-बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों द्वारा भारतीय लेखांकन मानको (इंड एएस) के कार्यान्वयन की स्थिति का पूर्ण चित्रण भी प्रस्तुत करता है।

1.1.3 सीपीएसई की संख्या

31 मार्च 2020 को सीएजी के लेखापरीक्षा क्षेत्राधिकार के अंतर्गत 697 सीपीएसई थी। इनमें 488 सरकारी कंपनियाँ[2], छह सांविधिक निगम[3] तथा

सरकारी कंपनियाँ	488
सांविधिक निगम	6
सरकार द्वारा नियंत्रित अन्य कंपनियाँ	203
कुल सीपीएसई	697

[2] *488 सरकारी कंपनियों में 231 स्टेडअलोन/होल्डिंग सरकारी कंपनियाँ तथा 257 सहायक व होल्डिंग सरकारी कंपनियों के संयुक्त उद्यम (जेवी) शामिल हैं।*

[3] *भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई), केन्द्रीय भण्डारण निगम (सीडब्ल्यूसी), दामोदर घाटी निगम (डीवीसी), भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई), भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) तथा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई)।*

203 सरकार नियंत्रित अन्य कंपनियाँ शामिल थी। इनमें से 607 सीपीएसई के वित्तीय निष्पादन का सारांश इस प्रतिवेदन में शामिल किया गया है और इन सीपीएसई की प्रवृत्ति तालिका 1.1 में दर्शाई गई है:

तालिका 1.1: इस रिपोर्ट में शामिल सीपीएसई की कवरेज और प्रकृति

सीपीएसई की प्रकृति	कुल सीपीएसई की संख्या	प्रतिवेदन में शामिल सीपीएसई की संख्या				इस प्रतिवेदन में कवर नहीं किए गए सीपीएसई की संख्या
		निम्न तक लेखे			कुल	
		2019-20	2018-19	2017-18		
सरकारी कम्पनियां	488	400	17	4	421*	67
सांविधिक निगम	6	5	1	0	6	0
कुल कम्पनियां/ निगम (क)	494	405	18	4	427	67
सरकार द्वारा नियंत्रित अन्य कम्पनियां (ख)	203	174	5	1	180	23
जोड़ (क+ख)	**697**	**579**	**23**	**5**	**607**	**90**

***421 सरकारी कम्पनियों में से, केन्द्र सरकार के पास 193 सीपीएसई में प्रत्यक्ष होल्डिंग है। शेष 228 सीपीएसई इन 193 सीपीएसई की सहायक तथा संयुक्त उद्यम (जेवी) हैं।**

2019-20 के दौरान सीएजी के लेखापरीक्षा क्षेत्र के अंतर्गत आयी/ बाहर चली गई, सरकारी कम्पनियों/सरकार द्वारा नियंत्रित अन्य कम्पनियों के विवरण *परिशिष्ट-I* में दिए गए हैं।

इस प्रतिवेदन में 90 सीपीएसई (23 सरकार नियंत्रित अन्य कंपनियों सहित) शामिल नहीं है, जिनके लेखे तीन वर्ष या अधिक से बकाया थे या समाप्त/परिसमापनाधीन थे या प्रथम लेखे बकाया नहीं थे। इन सीपीएसई को दो सितारों (**) के द्वारा *परिशिष्ट-//क* तथा *परिशिष्ट-//ख* में दर्शाया गया है।

इस प्रतिवेदन में शामिल सरकारी कंपनियाँ और सांविधिक निगम के वित्तीय निष्पादन का सारांश	
सीपीएसई की संख्या	494
कवर किये गये सीपीएसई	427
प्रदत पूंजी (427 सीपीएसई)	₹ 6,33,159 करोड़
दीर्घावधि पूंजी (427 सीपीएसई)	₹ 22,66,674 करोड़
बाज़ार पूंजीकरण (58 सूचीबद्ध ट्रेडेड सरकारी कंपनियाँ)	₹ 8,39,970 करोड़
निवल लाभ (224 सीपीएसई)	₹ 1,40,976 करोड़
निवल घाटा (181 सीपीएसई)	₹ 68,434 करोड़
शून्य लाभ/हानि (22 सीपीएसई)[4]	
घोषित किया गया लाभांश (99 सीपीएसई)	₹ 73,487 करोड़
कुल परिसंपत्ति (427 सीपीएसई)	₹ 56,83,065 करोड़
उत्पादन का मूल्य (427 सीपीएसई)	₹ 22,14,077 करोड़
निवल मूल्य (427 सीपीएसई)	₹ 16,36,946 करोड़

1.2 सरकारी कंपनियों और निगमों में निवेश

31 मार्च 2020 के अंत तक 427 सरकारी कंपनियों और निगमों[5] में इक्विटी और ऋणों में निवेश की राशि, तालिका 1.2 में दिए गए है:

[4] *427 में से, 22 सीपीएसई ऐसे थे जिन्होंने 2019-20 के दौरान कोई लाभ नहीं कमाया या कोई नुकसान नहीं था क्योंकि या तो ऑपरेशन शुरू नहीं हुए थे या नुकसान/ निवल व्यय को परियोजना लागत के साथ समायोजित किया गया था। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की हानि को निवल स्थापना व्यय के रूप में उसकी अचल संपत्तियों में स्थानांतरित किया गया था तथा भारतीय अंतदेशीय जलमार्ग प्राधिकरण की हानि को इसके आईडब्ल्यूएआई निधि के साथ समायोजित किया गया था। इसीलिए इन दो सांविधिक निगमों को भी शून्य लाभ/हानि सीपीएसई के रूप में माना गया है।*

[5] *494 सीपीएसई-67 सीपीएसई जिनके लेखे तीन साल या उससे अधिक के लिए बकाया थे या विचलन/अधीन परिसमापन थे या पहले लेखे देय नहीं थे।*

तालिका 1.2: सरकारी कंपनियों और निगमों में इक्विटी और ऋण

(₹ करोड़ में)

निवेश के स्रोत	31.03.2020 को			31.03.2019 को		
	इक्विटी	लंबी अवधि के ऋण	जोड़	इक्विटी	लंबी अवधि के ऋण	जोड़[6]
1. केन्द्र सरकार	4,52,908	3,04,899	7,57,807	4,04,423	2,83,216	6,87,639
2. केन्द्र सरकारी कंपनियाँ/ निगम	84,055	51,866	1,35,921	65,911	46,000	1,11,911
3.राज्य सरकारें/राज्य सरकारी कंपनियाँ/ निगम	32,596	23,039	55,635	29,761	19,647	49,408
4. वित्तीय संस्थाएं और अन्य	63,600	18,86,870	19,50,470	48,323	14,57,427	15,05,750
कुल	**6,33,159**	**22,66,674**	**28,99,833**	**5,48,418**	**18,06,290**	**23,54,708**
कुल निवेश के प्रति केंद्र सरकार के निवेश का प्रतिशत	71.53	13.45	26.13	73.74	15.68	29.20

स्रोत: वर्ष 2018-19 और 2019-20 के लिए सीपीएसई के लेखापरीक्षित लेखे

यह पाया गया था कि सरकारी कम्पनियों तथा निगमों में कुल निवेश 2018-19 के मुकाबले 2019-20 के दौरान ₹ 5,45,125 करोड़ (23.15 प्रतिशत) बढ़ गया था जिसमें इक्विटी में ₹ 84,741 करोड़ की वृद्धि तथा दीर्घकालिक ऋणों में ₹ 4,60,384 करोड़ की वृद्धि शामिल थी।

1.2.1 इक्विटी होल्डिंग

2019-20 के दौरान, इस रिपोर्ट में शामिल 427 सीपीएसई में इक्विटी के अंकित मूल्य पर कुल निवेश ₹ 84,741 करोड़ की निवल वृद्धि दर्ज की गई। 2019-20 के दौरान सीपीएसई

[6] *कुछ सीपीएसई के संबंध में, पिछले वर्ष के अनंतिम आंकड़ों को प्राप्त खातों के साथ अद्यतन किया गया है।*

में अंकित मूल्य पर केंद्र सरकार की इक्विटी होल्डिंग ₹ 48,485 करोड़[7] तक बढ़ी। ₹ 48,485 करोड़ की वृद्धि, 37 सीपीएसई में ₹ 53,739 करोड़ के अंकित मूल्य वाले शेयरों के जारी करने और 24 सीपीएसई[8] में ₹ 5,254 करोड़ के अंकित मूल्य वाले शेयरों के विनिवेश और पुन: खरीद का परिणाम थी।

वर्ष 2019-20 के दौरान केंद्र सरकार द्वारा ₹ 53,739 करोड़ के नए इक्विटी निवेश में से, ₹ 52,192 करोड़ की इक्विटी निवेश 33 सीपीएसई में इक्विटी के रूप में संबंधित था जो सीपीएसई में नकदी प्रवाह था और ₹ 1,547 करोड़ का निवेश दो सीपीएसई[9] में बोनस शेयरों के जारी करने के रूप में था। दो सीपीएसई[10] में भी परिसंपत्तियों का इक्विटी में हस्तांतरण में संबंधित सीपीएसई को नकद प्रवाह शामिल नहीं था। सीपीएसई में नकदी प्रवाह के रूप में सम्मिलित ₹ 52,192 करोड़ के इक्विटी के नए निवेश के उद्देश्य की लेखा परीक्षा में समीक्षा में संकेत दिया गया कि ₹ 45,810 करोड़ का नकद इन्फयूजन 25 सीपीएसई में पूंजीगत व्यय को पूरा करने के लिए था, ₹ 5,600 करोड़ दो सीपीएसई[11] में पूंजीगत तथा राजस्व दोनों मदों को पूरा करने के लिए थे तथा ₹ 782 करोड़ छह सीपीएसई[12] में राजस्व मदों को पूरा करने के लिए थे।

सरकारी कंपनियों और निगमों में 31 मार्च 2020 को समाप्त तीन वर्षों के दौरान केंद्र सरकार और अन्य[13] द्वारा इक्विटी में धारिता को चार्ट-1.1 में दर्शाया गया है।

---

[7] *इस लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में 18 सीपीएसई के अनंतिम आंकड़ों को उनके अंतिम लेखापरीक्षा किए गए लेखाओं के आंकड़ों के आधार पर शामिल किया गया है क्योंकि रिपोर्ट तैयार करने के लिए कट-ऑफ की तारीख (31 दिसबंर 2020) से पहले वर्ष 2019-20 के लेखा प्राप्त नहीं हुए थे।*

[8] *औद्योगिक तथ वित्तीय पुर्ननिर्माण बोर्ड (बीआईएफआर) के फैसलों के कारण एनईपीए की पूंजी कम हो गई।*

[9] *आरआईटीईएस लिमिटेड, गेल (इंडिया) लिमिटेड*

[10] *हेमीसफीयर प्रोपट्रीज इंडिया लिमिटेड, डीएनएच पावर डिस्ट्रीब्यूसन कॉरपोरेशन लिमिटेड*

[11] *नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड, ईसीजीसी लिमिटेड*

[12] *इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक लिमिटेड, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड, राष्ट्रीय विकलांग वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम लिमिटेड, राष्ट्रीय सफाई कर्माचारी वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड।*

[13] *अन्य में केंद्र सरकार की कंपनियां/निगम, राज्य सरकारें, राज्य सरकार की कंपनियां/निगम और वित्तीय संस्थान आदि शामिल हैं।*

चार्ट I.I: सरकारी कंपनियों और निगमों में इक्विटी में धारिता



*(*2019-20 के दौरान, पिछले वर्ष के आंकड़े अपडेट किए गए क्योंकि उस वर्ष के लेखे प्राप्त हुए थे)*

सीपीएसई की प्रदत्त पूंजी में 2019-20 के दौरान केंद्र सरकार द्वारा किए गए ₹ 2,000 करोड़ से अधिक का निवेश का विवरण तालिका 1.3 में दिया गया है:

तालिका 1.3: केंद्र सरकार द्वारा किए गए ₹ 2,000 करोड़ से अधिक के निवेश

(₹ करोड़ में)

सीपीएसई का नाम	मंत्रालय का नाम	राशि
सांविधिक निगम		
भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण	सड़क परिवहन और राजमार्ग	25,381
सरकारी कंपनियाँ		
इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड	वित्त	5,798
नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	रेलवे	5,100
डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉर्पोरेशन लिमिटेड	रेलवे	3,308
भारतीय रेलवे वित्त निगम लिमिटेड	रेलवे	2,500
नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	वित्त	2,400
उच्च शिक्षा वित्तपोषण एजेंसी	वित्त	2,100

1.2.2 सरकारी कंपनियों और निगमों को दिया गया ऋण

1.2.2.1 31 मार्च 2020 को बकाया दीर्घकालिक ऋण की गणना

31 मार्च 2020 को 427 सरकारी कंपनियों और निगमों में से 185 सीपीएसई में सभी स्रोतों से बकाया कुल दीर्घकालिक ऋण, ₹ 22,66,674 करोड़ था। 2019-20 के दौरान, सरकारी कंपनियों और निगमों के दीर्घकालिक ऋणों ने ₹ 4,60,384 करोड़ की वृद्धि दर्ज की। 31 मार्च 2020 को 185 सीपीएसई के कुल ऋणों में से, केंद्र सरकार से ऋण, ₹ 3,04,894 करोड़ था जिसमें से ₹ 22,742 करोड़ के ऋण 22 सीपीएसई में 2019-20 से संबंधित थे।

2018-19 के दौरान तथा साथ ही 2019-20 में इन 22 सीपीएसई में से 18 सीपीएसई[14] में दीर्घकालिक ऋणों में वृद्धि दर्ज की गई। दोनों वर्षों के दौरान 18 सीपीएसई में से, 11 सीपीएसई को ऋण दिया गया था। 10 सीपीएसई[15] को चालू परियोजनाओं के कार्यान्वयन के वित्तपोषण के लिए ऋण दिया गया था जबकि एक सीपीएसई (उत्तरी पूर्वी हस्तशिल्प और हथकरघा विकास निगम लिमिटेड) को कार्यशील पूंजीगत आवश्यकताओं तथा प्रशासनिक खर्चों के लिए ऋण दिया गया था, शेष सात सीपीएसई के मामले में, दीर्घकालिक ऋणों में वृद्धि ऋण के वास्तविक वितरण के कारण नहीं थी बल्कि पहले के ऋणों पर ब्याज के कारण हुई थी।

---

[14] *भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड, ग्रामीण विद्युतीकरण निगम लिमिटेड, न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड, भारत गोल्ड माइंस लिमिटेड, कोलकाता मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड, नागपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड, बैंगलोर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड, मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड, एनएचपीसी लिमिटेड, इंडिया रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी लिमिटेड, नेशनल बाइसिकल कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, दामोदर वैली कॉरपोरेशन, चेन्नई मेट्रो रेल लिमिटेड, कोच्चि मेट्रो रेल लिमिटेड, नॉर्थ ईस्टर्न हैंडीक्राफ्टस एंड हैंडलूम डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कंपनी लिमिटेड।*

[15] *भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, ग्रामीण विद्युतीकरण निगम लिमिटेड, न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड, कोलकाता मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड, नागपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड, बैंगलोर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड, एनएचपीसी लिमिटेड, दामोदर वैली कॉरपोरेशन, चेन्नई मेट्रो रेल लिमिटेड।*

लेखापरीक्षा में पाया गया कि 18 में से 17 सीपीएसई ने 2019-20 के दौरान ऋण की मूलराशि/ऋण पर ब्याज चुकाया नहीं गया था जबकि एक सीपीएसई (न्यूक्लियर पॉवर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड) ने 2019-20 के दौरान ₹ 730 करोड़ के ऋण का भुगतान किया था।

सरकारी कम्पनियों तथा निगमों के बकाया दीर्घकालिन ऋणों का वर्षवार विवरण (केंद्र सरकार और अन्य[16] द्वारा) चार्ट 1.2 में दर्शाया गया है।

चार्ट 1.2: सरकारी कंपनियों और निगमों में बकाया दीर्घकालीन ऋण



(* पिछले वर्षों के आंकड़े 2019-20 के दौरान अपडेट किए गए जब उस वर्ष के लेखा प्राप्त हुए थे)

427 सीपीएसई में से, 242 सीपीएसई (एक वैधानिक निगम यानी केंद्रीय भंडारण निगम सहित) में 31 मार्च 2020 तक कोई दीर्घकालिक ऋण नहीं था।

1.2.2.2 ऋण देनदारियों को पूरा करने के लिए परिसंपत्ति की पर्याप्तता

कुल परिसंपत्तियों के प्रति कुल ऋण का अनुपात यह निर्धारित करने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक तरीका है कि क्या कंपनी विलायक रह सकती है। विलायक माना जाने के लिए, एक इकाई की परिसंपत्ति का मूल्य उसके ऋण/कर्ज़ की राशि से अधिक

[16] *अन्य में केंद्र सरकार की कंपनियां/निगम, राज्य सरकारें, राज्य सरकार की कंपनियां/निगम और वित्तीय संस्थान आदि शामिल हैं।*

होना चाहिए। 185 सीपीएसई में कुल परिसंपत्तियों के मूल्य पर दीर्घकालिक ऋणों का कवरेज, जिनके पास 31 मार्च 2020 तक बकाया ऋण था, तालिका 1.4 में दिया गया है।

तालिका 1.4: कुल परिसंपत्ति के साथ दीर्घकालिक ऋण की कवरेज

	सकारात्मक कवरेज				नकारात्मक कवरेज			
	सीपीएसई की संख्या	लंबी अवधि के ऋण	परिसंपत्ति	ऋण के प्रति परिसंपत्ति का प्रतिशत	सीपीएसई की संख्या	लंबी अवधि के ऋण	परिसंपत्ति	ऋण के प्रति परिसंपत्ति का प्रतिशत
		(₹ करोड़ में)				(₹ करोड़ में)		
सांविधिक निगम	5	4,27,064	8,50,614	199.18				
सूचीबद्ध कम्पनियां	38	11,60,424	27,59,587	237.81	1	238	87	36.55
असूचीबद्ध कंपनियाँ	122	6,56,203	13,78,399	210.06	19	22,745	4,290	18.86
कुल	**165**	**22,43,691**	**49,88,600**		**20**	**22,983**	**4,377**	

185 सीपीएसई में से, 20 सीपीएसई (परिशिष्ट-III) के संबंध में कुल परिसंपत्ति का मूल्य बकाया ऋण से कम था।

1.2.2.3 ब्याज कवरेज अनुपात

ब्याज कवरेज अनुपात (आईसीआर), का उपयोग किसी कंपनी की बकाया ऋण पर ब्याज का भुगतान करने की क्षमता निर्धारित करने के लिए किया जाता है और इसकी गणना ब्याज और करों से पूर्व कंपनी की आय (ईबीआईटी) को उसी अवधि के ब्याज खर्चों से विभाजित करके की जाती है। जितना अनुपात कम होगा, उतना ही कंपनी की ऋण पर ब्याज का भुगतान करने की क्षमता कम होती है। एक से नीचे आईसीआर होना संकेत देता था कि कंपनी ब्याज पर अपने खर्चों को पूरा करने के लिए पर्याप्त राजस्व अर्जन नहीं कर रही थी। सीपीएसई के सकारात्मक और नकारात्मक ब्याज कवरेज अनुपात का विवरण, जिसमें 2017-18 से 2019-20 की अवधि के दौरान बकाया ऋण थे, तालिका 1.5 में दिए गए हैं:

तालिका 1.5: ब्याज कवरेज अनुपात

वर्ष	ब्याज (₹ करोड़ में)	ब्याज और कर से पहले की आय (ईबीआईटी) (₹ करोड़ में)	सीपीएसई की संख्या	आईसीआर > = 1 वाले सीपीएसई की संख्या	आईसीआर < = 1 वाले सीपीएसई की संख्या
सांविधिक निगम					
2017-18	11,833.26	14,812.69	5	2	3
2018-19	2,774.34	4,773.15	5	1	4
2019-20	2,842.59	(-)42,389.9	5	2	3
सूचीबद्ध सरकारी कम्पनियां					
2017-18	63,824.23	1,80,205.34	39	29	10
2018-19	69,154.74	1,79,614.90	39	31	8
2019-20	45,061.56	1,30,174.92	39	25	14
असूचीबद्ध सरकारी कंपनियाँ					
2017-18	20,836.30	21,481.70	123	54	69
2018-19	24,420.86	17,699.80	128	52	76
2019-20	28,633.39	4,689.75	141	48	93

यह देखा गया कि पिछले वर्ष की तुलना में वर्ष 2019-20 के दौरान, सूचीबद्ध तथा असूचीबद्ध सरकारी कंपनियों के मामले में एक बराबर या इससे अधिक के आईसीआर वाले सीपीएसई की संख्या में कमी हुई है। आठ सीपीएसई[17] के संबंध में, दीर्घकालिक ऋण पर देय ब्याज, 31 मार्च 2020 को उनकी कुल परिसंपत्ति के मूल्य से अधिक था जो इन कंपनियों में दिवालिया होने के उच्च जोखिम का संकेत देता है।

[17] *मणिपुर स्टेट ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड, भारत गोल्ड माइन्स लिमिटेड, इरकॉन शिव पुरी गूना गण लिमिटेड, नेशनल बाइसिकल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, टीसीआईएल बीना टोल रोड लिमिटेड, अंडमान फिशरीज लिमिटेड, टीसीआईएल एलटीआर लिमिटेड, बर्डस जूट एंड एक्सपोर्टस लिमिटेड।*

1.2.2.4 केंद्र सरकार के ऋणों पर बकाया ब्याज की अवधि-वार विश्लेषण

31 मार्च 2020 तक, केंद्र सरकार द्वारा प्रदान किए गए 15 सीपीएसई के दीर्घकालिक ऋणों पर, ₹ 6110.42 करोड़ की ब्याज की राशि बकाया थी। सीपीएसई में केंद्र सरकार के ऋणों पर बकाया ब्याज का अवधि वार विश्लेषण तालिका 1.6 में दर्शाया गया है।

तालिका 1.6: केंद्र सरकार के ऋणों पर बकाया ब्याज

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	सीपीएसई का नाम	केंद्र सरकार के ऋणों पर बकाया ब्याज	1 वर्ष से कम के लिए बकाया केंद्र सरकार के ऋण पर ब्याज	1 - 3 वर्षों के लिए बकाया केंद्र सरकार के ऋण पर बकाया ब्याज	3 वर्षों से अधिक के लिए बकाया केंद्र सरकार के ऋणों पर ब्याज
1	बंगाल केमिकल्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड	86.22	0.59	20.32	65.31
2	भारत पंप्स एंड कंप्रेसरस लिमिटेड	52.70	17.37	35.33	0.00
3	बर्ड्स जूट एंड एक्सपोर्ट्स लिमिटेड	63.05	3.84	11.48	47.73
4	सीमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	123.85	0.00	0.00	123.85
5	हैवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड	48.13	10.53	27.45	10.15
6	हिंदुस्तान कीटनाशक लिमिटेड	32.96	4.70	14.09	14.17
7	एचएमटी मशीन टूल्स	262.96	58.61	158.15	46.20

	लिमिटेड				
8	**हिंदुस्तान साल्ट्स लिमिटेड**	23.35	4.00	11.06	8.29
9	**एनईपीए लिमिटेड**	165.65	26.81	138.84	0.00
10	**एनएचपीसी लिमिटेड**	69.71	69.71	0.00	0.00
11	**डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉर्पोरेशन लिमिटेड**	2,182.50	966.98	864.19	351.33
12	**फर्टिलाइजर एंड केमिकल्स त्रावणकोर लिमिटेड**	717.05	239.02	478.03	0.00
13	**भारत गोल्ड माइंस लिमिटेड**	1500.10	127.61	125.11	1,247.38
14	**हिंदुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड**	244.68	56.02	103.92	84.74
15	**नेशनल टेक्सटाइल कॉरपोरेशन लिमिटेड**	537.51	46.84	140.51	350.16
	कुल	**6,110.42**	**1,632.63**	**2,128.48**	**2,349.31**

1.2.3 सरकार द्वारा नियंत्रित अन्य कंपनियों में निवेश

वर्ष 2019-20 के दौरान केन्द्र सरकार/राज्य सरकार और केन्द्र/राज्य सरकार की कम्पनियों/निगमों द्वारा 180 सरकार द्वारा नियंत्रित अन्य कम्पनियों[18] में निवेश की गई पूंजी को चार्ट 1.3 में दर्शाया गया है।

चार्ट 1.3: सरकार द्वारा नियंत्रित अन्य कंपनियों में शेयर पूंजी की संरचना



₹ करोड़ में

केन्द्र सरकार, केन्द्र सरकार की कंपनियाँ और निगम - ₹ 18,553 करोड़

राज्य सरकार, राज्य सरकार की कंपनियाँ और निगम - ₹ 4,816 करोड़

वित्तीय संस्थाएं और बैंक - ₹ 11,216 करोड़

अन्य - ₹ 4,297 करोड़

31 मार्च 2020 तक, सरकार द्वारा नियंत्रित इन अन्य कंपनियों में इक्विटी ₹ 38,882 करोड़ थी। सरकार द्वारा नियंत्रित अन्य कंपनियों की इक्विटी में 2019-20 में ₹ 1,937 करोड़ की वृद्धि हुई।

1.2.4 सरकारी कंपनियों में इक्विटी निवेश का बाजार पूंजीकरण

बाजार पूंजीकरण, उन कंपनियों के शेयरों के बाजार मूल्य का घोतक है जिनके शेयर सूचीबद्ध हैं। 31 मार्च 2020 तक, 70 सरकारी कंपनियों के शेयरों में, जो की भारत के विभिन्न स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध थीं, 56 सरकारी कंपनियों के शेयर शामिल थे, जिनमें दो नई सूचीबद्ध सरकारी कंपनियाँ[19], सरकारी कंपनियों की सात सहायक कंपनियाँ[20] और सात सरकारी नियंत्रित अन्य कंपनियाँ[21] थीं।

---

[18] 203-23 सरकार द्वारा नियंत्रित अन्य कंपनियाँ जिनके लेखे तीन साल या उससे अधिक के लिए बकाया थे या निष्क्रिय/परिसमापन के अधीन थे या पहले लेखे देय नहीं थे।

[19] इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड, रेल विकास निगम लिमिटेड।

54 सूचीबद्ध सरकारी कंपनियों (56-2 नई सूचीबद्ध सरकारी कंपनियों) के संबंध में, 2019-20 के दौरान 52 कंपनियों के शेयरों का कारोबार किया गया था और दो कंपनियों[22] के शेयरों का कारोबार नहीं किया गया था। सरकारी कंपनियों की सात सहायक कंपनियों के संबंध में, छह के शेयरों का कारोबार किया गया और एक सहायक कम्पनी ईस्टर्न इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शेयरों का कारोबार नहीं किया गया।

31 मार्च 2019 तक ₹ 14,41,435 करोड़ की तुलना में 31 मार्च 2020 को 58 कारोबार वाली सूचीबद्ध सरकारी कंपनियों[23] (सात सहायक कंपनियों सहित) के शेयरों का कुल बाजार मूल्य ₹ 8,39,970 करोड़ (इक्विटी निवेश ₹ 88,194 करोड़) रहा है। इन 58 सीपीएसई के शेयरों का कुल बाजार मूल्य 31 मार्च 2020 को ₹ 6,01,465 करोड़ (41.73 प्रतिशत) से घटा था। अधिकतम बाजार पूंजीकरण के साथ शीर्ष तीन क्षेत्रों में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस (₹ 3,14,073 करोड़), विद्युत् (₹ 2,36,525 करोड़) और कोयला (₹ 92,379 करोड़) थे। किसी भी क्षेत्र में शेयरों के बाजार मूल्य में वृद्धि नहीं देखी गई जबकी शेयरों के बाजार मूल्य में उच्चतम कमी शहरी विकास क्षेत्र (75.34 प्रतिशत) में पाई गई, इसके बाद भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम क्षेत्र (70.22 प्रतिशत) तथा वाणिज्य और उद्योग क्षेत्र (59.42 प्रतिशत) थे। 31 मार्च 2020 तक, 52 सूचीबद्ध सरकारी कंपनियों (छह सहायक कंपनियों को छोड़कर) के शेयरों का बाजार मूल्य ₹ 7,87,152 करोड़ था, जिसमें से केंद्र सरकार के पास मौजूद शेयरों का बाजार मूल्य ₹ 4,75,542 करोड़ था।

---

[20] *बामर लॉरी एंड कंपनी लिमिटेड, चेन्नई पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड, हिंदुस्तान फ्लोरोकार्बन्स लिमिटेड, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड, मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड, रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड, ईस्टर्न इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड।*

[21] *ड्रेजिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, इंडबैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विसेज लिमिटेड, बिसरा स्टोन लाइम कंपनी लिमिटेड, तमिलनाडु टेलीकम्युनिकेशन लिमिटेड, इंडबैंक हाउसिंग लिमिटेड, उड़ीसा मिनरल्स डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड, पीएनबी गिल्ट्स लिमिटेड।*

[22] *दुस्तान केबल्स लिमिटेड, हिंदुस्तान फोटो-फिल्म्स (मैन्युफैक्चरिंग) कंपनी लिमिटेड।*

[23] *58 = 52 सूचीबद्ध कारोबारी सरकारी कंपनियाँ + 6 सूचीबद्ध कारोबारी सहायक सरकारी कंपनियाँ।*

इस अवधि के दौरान, एस एंड पी बीएसई सूचकांक[24] 31 मार्च 2019 को 38,672.91 से 23.80 प्रतिशत घटकर 31 मार्च 2020 तक 29,468.49 हो गया। एस एंड पी बीएसई - सीपीएसई सूचकांक[25] 31 मार्च 2019 को 1468.92 से 30.70 प्रतिशत घटकर 31 मार्च 2020 तक 885.74 हो गया।

पिछले पांच वर्षों के लिए कारोबार वाली सूचीबद्ध सीपीएसई के बाजार पूंजीकरण की प्रवृत्ति को एस एंड पी बीएसई सेंसेक्स और एसएंडपी बीएसई-सीपीएसई सूचकांक की तुलना में चार्ट-1.4 में दर्शाया गया है।

चार्ट-1.4: बीएसई सेंसेक्स और सीपीएसई सूचकांक की तुलना में बाजार पूंजीकरण की प्रवृत्ति

एसएंडपी बीएसई सेंसेक्स और एसएंडपी सीपीएसई सूचकांक





यह देखा गया कि 2015-16 से 2017-18 के दौरान कारोबार वाली सूचीबद्ध सीपीएसई की बाजार पूंजीकरण की प्रवृत्ति समान थी, जब इनकी तुलना एसएंडपी बीएसई सेंसेक्स और एसएंडपी सीपीएसई सूचकांक से की गई। 2018-19 में, इन सीपीएसई के शेयरों का बाजार मूल्य 12.29 *प्रतिशत* (₹ 16,43,346 करोड़ से ₹ 14,41,435 करोड़ तक) घट गया, जब एसएंडपी बीएसई सेंसेक्स में 17.30 *प्रतिशत* (32,968.68 से 38,672.91) की वृद्धि हुई थी।

---

[24] *एसएंडपी बीएसई सेंसेक्स 30 घटक शेयरों का बेंचमार्क इंडेक्स है जो बड़ी, लिक्विड और रिप्रेजेंटेटिव कंपनियों के सैंपल का प्रतिनिधित्व करता है।*

[25] *एसएंडपी बीएसई सीपीएसई सूचकांक बीएसई में सूचीबद्ध सीपीएसई के प्रदर्शन को मापता है।*

हालांकि, इसी अवधि के दौरान एसएंडपी सीपीएसई सूचकांक 7.69 प्रतिशत (1,591.37 से 1,468.92) घट गया। 2019-20 में, दोनों सूचकांको में बाजार पूंजीकरण में गिरावट की प्रवृति देखी गई।

छह सहायक सरकारी कंपनियों के शेयरों का बाजार मूल्य, जिनके शेयरों का कारोबार 2019-20 के दौरान किया गया था, 31 मार्च 2020 तक ₹ 52,818 करोड़ पर था। 31 मार्च 2019 की तुलना में 31 मार्च 2020 तक, छह सहायक सरकारी कंपनियों में शेयरों का कुल बाजार मूल्य ₹ 39,834 करोड़ कम हो गया था।

31 मार्च 2020 को, उच्चतम बाजार पूंजीकरण के साथ शीर्ष 10 सीपीएसई को तालिका 1.7 में दर्शाया गया है:

तालिका 1.7: उच्चतम बाजार पूंजीकरण के साथ सीपीएसई

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	सीपीएसई का नाम	बाज़ार पूंजीकरण
1	कोल इंडिया लिमिटेड	86,278
2	तेल और प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड	85,923
3	एनटीपीसी लिमिटेड	83,312
4	पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	83,182
5	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	76,867
6	भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	68,559
7	गेल (इंडिया) लिमिटेड	34,676
8	हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	28,975
9	एनएमडीसी लिमिटेड	24,495
10	पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड	24,328

31 मार्च 2020 तक 58 सूचीबद्ध सरकारी कंपनियों में से तीन सीपीएसई के संबंध में बाजार पूंजीकरण में वृद्धि हुई थी। बाजार पूंजीकरण में वृद्धि के साथ सीपीएसई को तालिका 1.8 में दर्शाया गया है:

तालिका 1.8: 31 मार्च 2020 तक बाजार पूंजीकरण में वृद्धि के साथ सीपीएसई

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	सीपीएसई का नाम	31 मार्च 2019 को बाजार पूंजीकरण	31 मार्च 2020 को बाजार पूंजीकरण	पूंजीकरण में अंतर
1	राइट्स लिमिटेड	5,181.00	6,148.75	967.75
2	मिश्र धातु निगम लिमिटेड	2,642.43	3,350.58	708.15
3	गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड	1,116.31	1,568.79	452.48

1.3 सीपीएसई से प्रतिफल

1.3.1 सीपीएसई द्वारा अर्जित लाभ

2018-19 में 233 की तुलना में 2019-20 में लाभ अर्जित करने वाले सरकारी कम्पनियों तथा निगमों की संख्या 224 थी (23 सीपीएसई शामिल किए गए और 32 सीपीएसई को छोड़ दिया गया)। इन 23 सीपीएसई *(परिशिष्ट-IV)* में से तीन सीपीएसई नई थी तथा उनके संचालन के प्रथम वर्ष में लाभ प्राप्ति हुई तथा 20 सीपीएसई ने पिछले वर्ष में निवल हानि उठाने के बाद लाभ कमाया। 20 में से केवल आठ सीपीएसई ने संचालन लाभ[26] के कारण लाभ अर्जित किया। 32 सीपीएसई *(परिशिष्ट-V)* जिन्हे पिछले वर्ष में लाभ कमाने के बाद हानि हुई, 27 सीपीएसई को मुख्यत: संचालन हानि के कारण हानि हुई।

2018-19 में ₹ 1,77,758 करोड़ का अर्जित लाभ 2019-20 में घटकर ₹ 1,40,976 करोड़ हो गया। तदनुसार, सीपीएसई का इक्विटि पर रिटर्न (आरओई) 2018-19 में 233 सीपीएसई के 18.69 प्रतिशत की तुलना में 2019-20 में 224 सीपीएसई का 15.31

[26] *अन्य आय से खर्चों को घटाकर को छोड़कर कुल आय।*

प्रतिशत था। 2019-20 में 425 सरकारी कंपनियों और निगमों[27] में आरओई 7.53 प्रतिशत था जिसमें घाटे में चल रही 181 तथा 22 शून्य लाभ/हानि वाली कम्पनियां सम्मिलित थी। 2017-18 से 2019-20 की अवधि के दौरान लाभ अर्जित करने वाले सीपीएसई की संख्या को चार्ट-1.5 में दर्शाया गया है।

चार्ट-1.5: लाभ कमाने वाले सीपीएसई की संख्या



(* पिछले वर्षों के आंकड़े 2019-20 के दौरान अपडेट किए गए, जब उस वर्ष के लेखा प्राप्त हुए थे)

2019-20 के दौरान अधिकतम लाभ अर्जित करने वाले शीर्ष तीन क्षेत्रों का विवरण तालिका 1.9 में संक्षेप में प्रस्तुत किया गया है:

तालिका 1.9: शीर्ष 3 क्षेत्र जिन्होंने वर्ष 2019-20 के दौरान अधिकतम लाभ में योगदान दिया

क्षेत्र	लाभ कमाने वाले सीपीएसई की संख्या	अर्जित निवल लाभ (₹ करोड़ में)	कुल सीपीएसई लाभ के प्रति लाभ का प्रतिशत
विद्युत			
सूचीबद्ध सरकारी कंपनियाँ	4	25,583	18.14

[27] *भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण को छोड़कर जिन्हें शून्य लाभ/हानि सीपीएसई माना गया है क्योंकि उनके नुकसान को समायोजित किया जाता है जो फुटनोट 4 में दिया है।*

असूचीबद्ध सरकारी कंपनियाँ	33	7,763	5.51
सांविधिक निगम	1	185	0.13
उप-जोड़ (क)	38	33,531	23.78
पेट्रोलियम			
सूचीबद्ध सरकारी कंपनियाँ	6	29,283	20.77
असूचीबद्ध सरकारी कंपनियाँ	8	2,904	2.06
उप- जोड़ (ख)	14	32,187	22.83
कोयला और लिग्नाइट			
सूचीबद्ध सरकारी कंपनियाँ	2	12,695	9.00
असूचीबद्ध सरकारी कंपनियाँ	6	16,898	11.98
उप-जोड़ (ग)	8	29,593	20.98
जोड़ (क+ख+ग)	**60**	**95,311**	**67.61**

इन तीन क्षेत्रों में 2018-19 के दौरान 60 सीपीएसई के द्वारा 73.06 प्रतिशत योगदान की तुलना में 2019-20 के दौरान, सीपीएसई के कुल लाभ का 67.61 प्रतिशत का ₹ 95,311 करोड़ का निवल लाभ 60 सीपीएसई के द्वारा योगदान दिया गया था।

29 सीपीएसई द्वारा ₹ 41,472 करोड़ के शुद्ध लाभ का योगदान दिया गया था जो रक्षा, कोयला, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष क्षेत्रों में कार्यरत था जो बाजार की प्रतिस्पर्धा के लिए खुले नहीं थे। यह 2019-20 के दौरान, सभी 224 सीपीएसई में ₹ 1,40,976 करोड़ के कुल लाभ का 29.42 प्रतिशत था। वर्ष 2019-20 में इन 29 सीपीएसई का आरओई 42.29 प्रतिशत था, जो प्रतिस्पर्धी माहौल में कार्य करने वाले 195 सीपीएसई में 12.09 प्रतिशत की तुलना में था।

वर्ष 2019-20 के दौरान ₹ 5,000 करोड़ से अधिक का लाभ अर्जित करने वाले सीपीएसई की सूची तालिका 1.10 में दर्शायी गई है:

तालिका 1.10: सीपीएसई की सूची, जिसने ₹ 5,000 करोड़ से अधिक का लाभ अर्जित किया

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	सीपीएसई का नाम	निवल लाभ
1	तेल और प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड	13,445
2	कोल इंडिया लिमिटेड	11,281
3	पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	10,811
4	एनटीपीसी लिमिटेड	10,113
5	गेल (इंडिया) लिमिटेड	6,621
6	महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड	6,427
7	पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड	5,655
कुल		**64,353**

यह देखा जा सकता है कि 2019-20 के दौरान इन सात सीपीएसई ने 224 सीपीएसई द्वारा अर्जित कुल लाभ का 45.65 प्रतिशत योगदान दिया।

180 सरकारी नियंत्रित अन्य कंपनियों में से 124 सीपीएसई ने 31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के दौरान ₹ 10,369 करोड़ का लाभ कमाया जो 2018-19 में ऐसे 123 सीपीएसई द्वारा अर्जित ₹ 9,111 करोड़ के लाभ की तुलना में ₹ 1,285 करोड़ (13.81 प्रतिशत) की वृद्धि थी। तदनुसार, 2018-19 में 123 सीपीएसई का 20.33 प्रतिशत की तुलना में 2019-20 में 124 सीपीएसई का आरओई 21.92 प्रतिशत था, सभी 180 सरकारी नियंत्रित अन्य कंपनियों में आरओई 2019-20 में 19.26 प्रतिशत था।

सरकारी कंपनियों द्वारा अर्जित लाभ 2019-20 के दौरान ₹ 36,782 करोड़ (20.69 प्रतिशत) घटा जो 2018-19 में ₹ 1,77,758 करोड़ से घट कर 2019-20 में ₹ 1,40,976 करोड़ हो गया, जबकि सरकार द्वारा नियंत्रित अन्य कम्पनियों द्वारा अर्जित लाभ 2019-

20 में ₹ 1,258 करोड़ (13.81 प्रतिशत) बढ़ा जो, 2018-19 में ₹ 9,111 करोड़ से बढ़कर 2019-20 में ₹ 10,369 करोड़ हो गया।

1.3.2 हानि उठाने वाली सीपीएसई

वर्ष 2019-20 के दौरान, 181 सरकार कंपनियों तथा निगमों ने हानियाँ उठाई। घाटे में चल रही इन 181 सीपीएसई में से 115 सीपीएसई को पिछले पांच वर्षों में 3 से 5 वर्ष तक घाटा हुआ है जबकि 64 सीपीएसई को 5 वर्षों से लगातार घाटा हुआ है। 2019-20 में, इन सीपीएसई द्वारा उठाई गई हानि बढ़कर ₹ 68,434 करोड़ हो गई, जोकि 2018-19 के दौरान ₹ 40,835 करोड़ थी, जैसा कि तालिका 1.11 में दर्शाया गया है।

तालिका 1.11: 2017-18 से 2019-20 के दौरान, हानि उठाने वाले सीपीएसई की संख्या

सूचीबद्ध/असूचीबद्ध वर्ष	हानि वाले सीपएसई की संख्या	वर्ष के लिए निवल हानि (₹ करोड़ में)	संचित हानि (₹ करोड़ में)	निवल मूल्य[28] (₹ करोड़ में)
सांविधिक निगम				
2017-18	1	847	0	12,144
2018-19	1	1,115	0	11,370
2019-20	0	0	0	0
सूचीबद्ध सरकारी कंपनियाँ				
2017-18	12	8,292	40,433	9,146
2018-19	12	5,476	35,149	-18,946
2019-20	18	11,987	39,239	1,20,571
असूचीबद्ध सरकारी कंपनियाँ				
2017-18	130	31,630	89,907	1,33,517
2018-19	136	34,244	90,883	1,10,680
2019-20	163	56,447	1,15,821	1,31,406
जोड़				
2017-18	**143**	**40,769**	**1,30,340**	**1,54,807**
2018-19	**149**	**40,835**	**1,26,032**	**1,03,104**
2019-20	**181**	**68,434**	**1,55,060**	**2,51,977**

[28]निवल मूल्य का अर्थ है कि भुगतान की गई शेयर पूंजी और मुफ्त भंडार और अधिशेष कम संचित हानि और आस्थगित राजस्व व्यय का कुल योग। नि: शुल्क भंडार का अर्थ है कि सभी लाभ और प्रीमियम खाता से बने भंडार, लेकिन परिसंपत्तियों के पुनर्मूल्यांकन से बनाए गए भंडार को शामिल न करें और मूल्यह्रास प्रावधान वापस लिखें।

2019-20 में 181 सीपीएसई द्वारा किए गए ₹ 68,434 करोड़ की कुल हानि में से, 21 सीपीएसई द्वारा ₹ 2,527 करोड़ की हानि का योगदान दिया गया था, जो बाजार की प्रतिस्पर्धा के लिए खुले नहीं थे। वर्ष 2019-20 के दौरान, तालिका 1.12 में सूचीबद्ध सीपीएसई को ₹ 1,000 करोड़ से अधिक की हानि हुई।

तालिका 1.12: सीपीएसई जो 2019-20 के दौरान ₹ 1,000 करोड़ से अधिक की हानि उठाती है

(₹ करोड़ में)

क्रम.सं.	सीपीएसई का नाम	शुद्ध हानि
1	भारत संचार निगम लिमिटेड	15,500
2	एयर इंडिया लिमिटेड	7,766
3	ओएनजीसी विदेश लिमिटेड	7,264
4	नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	4,111
5	राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड	3,910
6	महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड	3,696
7	लैंकोटीस्टा हाइड्रो पावर लिमिटेड	2,956
8	मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड	2,708
9	ओएनजीसी पेट्रो एडिशन लिमिटेड	2,090
10	चेन्नई पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	2,078
11	ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	1,524
12	यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	1,486
13	भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड	1,473
14	ओएनजीसी-मैंगलोर पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड	1,400

वर्ष 2019-20 के दौरान, सरकार द्वारा नियंत्रित अन्य 180 कंपनियों में से 56 कंपनियों को ₹ 1,407 करोड़ कि हानि हुई जो 2018-19 में ऐसी 55 सीपीएसई द्वारा उठाई गई हानि ₹ 2,387 करोड़ की तुलना में ₹ 980 करोड़ (41.06 प्रतिशत) कम थी।

1.3.3 सरकारी कंपनियों में पूंजी का क्षरण

31 मार्च 2020 तक ₹ 1,74,596 करोड़ की संचित हानि के साथ 188 सरकारी कम्पनियां[29] थी। 188 सीपीएसई में से, 140 सीपीएसई को वर्ष 2019-20 में ₹ 22,203 करोड़ का हानि हुई, 48 सीपीएसई को वर्ष 2019-20 में हानि (शून्य लाभ सहित) नहीं हुई, भले ही उन्हें ₹ 19,536 करोड़ की संचित हानि हुई हो। 188 सीपीएसई में से 33 का समापन/बंद/परिसमापन/नीतिगत विनिवेश के तहत हुआ।

188 सीपीएसई में से 90 का निवल मूल्य, संचित हानि से पूरी तरह से क्षय हो गया था और उनका निवल मूल्य या तो शून्य या नकारात्मक था। इन 90 सीपीएसई का निवल मूल्य, 31 मार्च 2020 तक इन सीपीएसई में ₹ 49,422 करोड़ के इक्विटी निवेश के मुकाबले (-) ₹ 1,15,829 करोड़ था। इसमें सात सूचीबद्ध कंपनियाँ शामिल थीं, जिनकी कुल संपत्ति ₹ 6592 करोड़ के इक्विटी निवेश के मुकाबले (-) ₹ 39,008 करोड़ थी। 90 सीपीएसई में से, जिनकी पूंजी (शून्य या ऋणात्मक निवल मूल्य होने के नाते) समाप्त हो गई थी, 13 सीपीएसई ने वर्ष 2019-20 के दौरान, ₹ 1,713 करोड़ का लाभ अर्जित किया था (परिशिष्ट-VI)।

90 सीपीएसई में से 17 में, जिनकी पूंजी क्षीण हो गई थी, 31 मार्च 2020 तक बकाया सरकारी ऋण ₹ 6,045 करोड़ था। इसमें ₹ 937 करोड़ के बकाया सरकारी ऋण वाली दो सूचीबद्ध कंपनियाँ शामिल थी।

निवल मूल्य 334 सीपीएसई में से 29 के संबंध में उनकी प्रदत्त पूंजी के आधे से भी कम था, जिनकी निवल सम्पत्ति 31 मार्च 2020 के अंत में सकारात्मक थी, जो उनकी संभावित वित्तीय बिमारी का संकेतक है। कुल मिलाकर, सभी 427 सरकारी कंपनियों तथा निगमों का निवल मूल्य उनकी ₹ 6,33,159 करोड़ की प्रदत्त पूंजी के मुकाबले ₹ 16,36,946 करोड़ था।

---

[29] *भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और भारतीय अंत र्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण को छोड़कर जिन्हे शून्य लाभ/हानि सीपीएसई माना गया है क्योंकि उनकी हानि को फुटनोट 5 में दिए गए रूप में समायोजित किया जाता है।*

1.3.4 सीपीएसई द्वारा लाभांश भुगतान

सरकारी कंपनियों तथा निगमों द्वारा अर्जित लाभ और घोषित लाभांश का विवरण तालिका 1.13 में दिया गया है:

तालिका 1.13: अर्जित लाभ और घोषित लाभांश

श्रेणी	सीपीएसई का नाम	प्रदत्त पूंजी (₹ करोड़ में)	निवल लाभ (₹ करोड़ में)	घोषित लाभांश (₹ करोड़ में)
सांविधिक निगम	2	725	2,357	844
सूचीबद्ध कम्पनियां	37	75,364	93,821	55,627
असूचीबद्ध कंपनियाँ	60	49,175	32,593	17,016
जोड़	**99**	**1,25,264**	**1,28,771**	**73,487**

427 सरकारी कंपनियो तथा निगमों में से 99 सीपीएसई ने 2019-20 में लाभांश घोषित किया। इन 99 लाभ कमाने वाले सीपीएसई के शुद्ध लाभ के प्रतिशत के रूप में घोषित लाभांश 2018-19 में 44.01 प्रतिशत से बढ़कर 2019-20 में 57.07 प्रतिशत हो गया। निरपेक्ष रूप से, सीपीएसई द्वारा 2019-20 में घोषित लाभांश में पिछले वर्ष की तुलना में, ₹ 1,721 करोड़ की वृद्धि हुई। चार्ट-1.6 में घोषित लाभांश को दर्शाया गया है जो उन सीपीएसई के अर्जित निवल लाभ और प्रदत्त पूंजी की तुलना में जिन्होंने पिछले तीन वर्षों के दौरान लाभांश घोषित किया।

चार्ट 1.6 : अर्जित निवल लाभ और प्रदत्त पूंजी की तुलना में घोषित लाभांश (करोड़ ₹ में)



वर्ष 2019-20 के लिए 99 सीपीएसई द्वारा घोषित, ₹ 73,487 करोड़ के कुल लाभांश में से, केंद्र सरकार द्वारा प्राप्त/प्राप्य ₹ 79,680 करोड़ के इक्विटी निवेश वाले 68 सीपीएसई[30] में ₹ 34,944 करोड़ (₹ 54,890 करोड़ घोषित कुल लाभांश का 63.66 प्रतिशत), था। वर्ष 2018-19 के दौरान, 427 सीपीएसई की इक्विटी पूंजी में केंद्र सरकार द्वारा किए गए ₹ 4,52,908 करोड़ के कुल निवेश पर लाभांश के रूप में प्रतिफल 9.16 प्रतिशत की तुलना में 7.72 प्रतिशत था। इसी तरह, वर्ष 2019-20 में, 42 सीपीएसई को अन्य सीपीएसई में इक्विटी धारिता पर ₹ 17,792 करोड़ की प्रदत्त पूंजी पर लाभांश के रूप में ₹ 18,140 करोड़ प्राप्त हुए। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अधीन 13 सीपीएसई ने ₹ 26,349 करोड़ की लाभांश राशि घोषित की जो कि 2019-20 में 99 सीपीएसई द्वारा घोषित ₹ 73,487 करोड़ के कुल लाभांश का 35.86 प्रतिशत थी।

मई 2016 में, डीआईपीएएम द्वारा जारी किए गए दिशानिर्देशों में यह परिकल्पना की गई थी कि प्रत्येक सीपीएसई, कर के बाद लाभ के न्यूनतम वार्षिक लाभांश का 30 प्रतिशत या निवल मूल्य के पांच प्रतिशत का भुगतान करेगा, जो भी अतिरिक्त कानूनी प्रावधानों के तहत अनुमत अधिकतम लाभांश के अधीन है। हालाँकि, 49 सरकारी कंपनियों (11 सूचीबद्ध

[30] *200 सीपीएसई में से 68 सीपीएसई (194 सरकारी कंपनियाँ + 6 सांविधिक निगम) जहां केन्द्र सरकार की प्रत्यक्ष होल्डिंग है।*

सीपीएसई सहित) ने सरकार द्वारा निर्धारित लाभांश की घोषणा नहीं की, जैसा कि अनुबंध-VII में दर्शाया गया है। 2019-20 में, इस आधार पर कुल कमी ₹ 11,488 करोड़ थी (वर्ष 2018-19 के दौरान 36 सरकारी कंपनियों द्वारा ₹ 8011 करोड़ की कमी)।

31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के दौरान, सरकार द्वारा नियंत्रित अन्य 180 कंपनियों[31] में से 124 कंपनियों ने ₹ 10,369 करोड़ का लाभ अर्जित किया। इन 124 कंपनियों में से, 31 ने ₹ 1,077 करोड़ की लाभांश राशि घोषित की, जो उनकी ₹ 8,032 करोड़ की प्रदत्त पूंजी का 13.41 प्रतिशत थी। सरकार द्वारा नियंत्रित अन्य 31 कंपनियों के क्षेत्रवार वर्गीकरण जिसने वर्ष 2019-20 के दौरान लाभांश घोषित किया था, को तालिका 1.14 में दर्शाया गया है:

तालिका 1.14: सरकार द्वारा नियंत्रित अन्य कंपनियों द्वारा घोषित लाभांश

क्षेत्र	कंपनियों की संख्या	प्रदत्त पूंजी (₹ करोड़ में)	शुद्ध लाभ (₹ करोड़ में)	घोषित लाभांश (₹करोड़ में)
विद्युत्	6	5,490.29	1,191.8	523.08
वित्तीय सेवाएं	15	1,367.46	1,718.58	438.26
ठेका और निर्माण सेवाएँ	3	448	144.11	72.55
बीमा	2	474.46	471.01	24.79
परिवहन सेवाएं	1	164	41.43	13.12
ट्रेडिंग और मार्केटिंग	1	40.56	16.32	2.84
दूर संचार सेवाएं	1	47.24	82.36	2.53
औद्योगिक विकास और तकनीकी परामर्श	2	0.43	0.35	0.17
जोड़	**31**	**8,032.44**	**3,665.96**	**1,077.34**

[31] *203-23 सरकार नियंत्रित अन्य कंपनियाँ जिनके लेखे तीन वर्ष या उससे अधिक समय से बकाया थे या निष्क्रिय/परिसमापन के तहत थे या देय नहीं थे।*

1.4 सरकारी कम्पनियों और निगमों की प्रचालन दक्षता

1.4.1 उत्पादन का मूल्य

तीन वर्षों की अवधि के दौरान 427 सरकारी कम्पनियों और निगमों के उत्पादन का मूल्य, कुल परिसंपत्तियों तथा नियोजित पूंजी के सारांश को दर्शाने वाला सार चार्ट 1.7 में दिया गया है।

चार्ट 1.7: उत्पादन का मूल्य, परिसंपत्तियां तथा नियोजित पूंजी (₹ करोड़ में)



पिछले वर्ष की तुलना में वर्ष 2019-20 में उत्पादन का मूल्य, कुल परिसंपत्ति तथा नियोजित पूंजी में वृद्धि हुई थी। उत्पादन का मूल्य, कुल परिसंपत्ति तथा नियोजित पूंजी का सीपीएसई वार विवरण परिशिष्ट-VIII में दिया गया हैं।

2019-20 को समाप्त हुए पिछले तीन वर्षों के एकाधिकार[32], और गैर एकाधिकार सीपीएसई के संबंध में उत्पादन, कुल परिसंपत्तियों तथा नियोजित पूंजी का मूल्य तालिका 1.15 में दिया गया है।

---

